# कैंसर चिकित्सा में आयुष का बता योगदान : केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव

केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने मेहकर में गजानंद महाराज कैंसर समुपदेशन केंद्र का उद्घाटन किया।

- मेहकर में गजानंद महाराज कैंसर समुपदेशन केंद्र का उद्घाटन
- निशुल्क चिकित्सा शिविर में 400 रोगियों को दिया परामर्श

**भीलवाड़ा।** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव और श्रीनवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज चैधरी ने भारत सरकार की ओर से आयुष चिकित्सा पद्धितयों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए आयुष मंत्रालय देशभर में आयुष चिकित्सा को आगे बढ़ा रहा है। देश के लोगों का आयुष के प्रति बढ़ता विश्वास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है।

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने महाराष्ट्र के मेहकर में श्रीनवठाह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज चैधरी के साथ आज गजानंद महाराज कैंसर समुपदेशन केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक निशुल्क कैंसर चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 400 से अधिक रोगियों का परीक्षण और परामर्श दिया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने वैद्य हंसराज चैधरी को धन्वंतरि की प्रतिमा भेंट की, जो उनके सेवा कार्यों का सम्मान था। इसके अलावा, चैधरी ने केंद्रीय मंत्री को राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मानित किया और आश्रम आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम का आयोजन श्री संत गजानन महाराज कैंसर समुपदेशन सेवा संस्था, मेहकर द्वारा किया गया। इस मौके पर समन्वयक जयंत वानखेड़े, डॉक्टर धर्मेंद्र चैधरी, डॉक्टर पंकज सैनी भी मौजूद रहे।

**आयुष और स्वास्थ्य विभाग का समन्वय**---- केंद्रीय मंत्री जाधव ने समारोह में घोषणा की कि भविष्य में आयुष विभाग और स्वास्थ्य विभाग मिलकर इंटीठोटेड कैंसर सेमिनार का आयोजन करेंगे। यह सेमिनार कैंसर के उपचार में दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगा और चिकित्सा प्रक्रियाओं को बेहतर बनाएगा। उन्होंने श्रीनवठाह आश्रम संस्थान द्वारा कैंसर और अन्य गंभीर रोगों के इलाज में किए जा रहे अनुसंधान और योगदान की भी सराहना की। कैंसर सेमिनार के आयोजन को लेकर भी केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आयुष मंत्रालय के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयों का उत्पादन कर रही है, जो रोगियों के उपचार में सहायक हैं। उन्होंने भीलवाड़ा के रायला में स्थित श्रीनवठाह आश्रम संस्थान का दौरा करने की स्वीकृति भी दी।

**नवठाह आश्रम की भूमिका**--- श्रीनवठाह आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज चैधरी ने बताया कि आश्रम में कैंसर सहित अन्य गंभीर रोगों का उपचार डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुसार किया जा रहा है। अब तक 6,000 से अधिक मरीज कैंसर से ठीक हो चुके हैं, जिनके समस्त दस्तावेज संस्थान में सुरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने समारोह में उपस्थित लोगों और रोगियों से जीवन को संयमित और स्वस्थ बनाने तथा जैविक उत्पादों के उपयोग का आ ान किया।

**कैंसर चिकित्सा शिविर की सफलता**--- मेहकर में आयोजित निशुल्क कैंसर चिकित्सा शिविर में 400 से अधिक रोगियों का परीक्षण किया गया और उन्हें उपचार के लिए परामर्श दिया गया। कैंप के दौरान, 20 से अधिक रोगियों ने कैंसर से ठीक होने के बाद श्रीनवठाह आश्रम का आभार व्यक्त किया। कैंप के समन्वयक जयंत वानखेड़े ने डॉक्टर धर्मेंद्र चैधरी, डॉक्टर पंकज सैनी और वैद्य हंसराज चैधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**आश्रम का उज्जवल भविष्य**--- इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव ने श्रीनवठाह आश्रम द्वारा विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित साहित्य की सराहना की और आश्रम के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कैंसर चिकित्सा में साक्ष्यों को इकट्ठा करने की आश्रम की मुहिम की भी प्रशंसा की और अन्य संस्थानों को भी इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। श्रीनवठाह आश्रम सेवा संस्थान कैंसर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इस आयोजन ने इस बात की पुष्टि की कि आयुष चिकित्सा पद्धितयों का भविष्य उज्जवल है। आश्रम के प्रयासों से कैंसर पीड़ितों को न केवल उपचार मिल रहा है बल्कि उन्हें एक नया जीवन भी प्राप्त हो रहा है।

## चयनित 410 दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरण दिए

**ब्यावर,**(निसं) लायन्स क्लब अध्यक्ष लायन मोहित भारद्वाज की अध्यक्षता में तीन दिवसीय कैम्प का समापन हुआ, जिसमें समाजसेवी करणसिंह रावत मुख्य अतिथि एवं स्वामी ब्रह्मानंद सत्संग मण्डल के संरक्षक मदनमोहन मोदी व श्री भगवान महावीर विकलांग समिति, जयपुर के कॉर्डीनेटर सुरेश मेहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब सचिव लायन प्रदीप भण्डारी ने बताया कि उक्त कैम्प में चिन्हित किए गए 410 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, हाथ, केलीपर्स, ट्राईसाईकिल, कान की मशीन, व्हीलचेयर, बैसाखियां, छडी, वॉकर, ब्लाइंड छडी प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब के लायन गिरीश वर्मा, लायन अनमोल अरोड़ा, लायन मनोज अरोड़ा, लायन अमित अरोड़ा, लायन सुधीर जैथलिया, लायन आर.के. तंवर, लायन हरविलास झंवर, लायन कानप्रकाश सिंघल, लायन आरसी. गोयल, लायन हर्ष चौधरी, लायन धर्मेन्द्र अठावाल, लायन प्रदीप भण्डारी, सी.ए. लायन जी.सी. अठावाल, लायन ओमप्रकाश सोमानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में श्री भगवान महावीर विकलांग समिति, जयपुर से आये 20 टैक्नीशियन्स व डॉक्टर्स का क्लब सदस्यों द्वारा शॉल, मोमेंटो व माला पहनाकर आभार व्यक्त किया गया। इसी क्रम में स्वामी ब्रह्मानंद सत्संग मण्डल के कमलकिशोर अठावाल, शिवचंद लड्ढा व समस्त मण्डल कार्यकर्ताआ का माला पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ने श्री भगवान महावीर विकलांग समिति, लायन ओमप्रकाश सोमानी को धन्यवाद दिया।

## दाधीच बने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष

मेड़ता सिटी । भारत विकास परिषद शाखा मेड़ता सिटी के चुनाव परिषद के संरक्षक श्री श्याम सुंदर बिरला के मुख्य आतिथ्य में एवं चुनाव अधिकारी भानु प्रकाश टाक डेगाना की देखरेख में बुधवार को मातृ मंदिर में संपन्न हुए। परिषद के प्रांतीय नागौर जिला समन्वयक कृष्ण गोपाल गौड़ ने बताया कि सर्वसम्मति से हुए चुनाव में श्याम सुंदर दाधीच को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सचिव पद पर प्रवीण काबरा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश मंत्री को नियुक्त किया गया ।चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर राकेश अठावाल एवं दिनेश सोनी एवं सहसचिव पद पर दिनेश प्रजापत और सह कोषाध्यक्ष भिंवराज तोषनीवाल को नियुक्त किया गया। बैठक में परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बिरला ,जुगल अठावाल, सुरेश चंद पचभैया, रामकिशोर वर्मा, मूलचंद शर्मा, सुरेश पारीक, नंदलाल जोशी, शिवकुमार मिश्रा, धर्मेंद्र सोनी, भगवती लाल टेलर ,ताराचंद मारोठिया ,ज्योति प्रकाश सोनी, प्रकाश चंद व्यास ,देवीलाल गौड़, एवं प्रदीप दाधीच उपस्थित रहे।

## कन्टीन्यूस बटर मैकिंग मशीन का लोकार्पण

**भीलवाड़ा।** डेयरी संयन्त्र में नवीन कन्टीन्यूस बटर मैकिंग मशीन का लोकार्पण भीलवाडा डेयरी के प्रबन्ध संचालक बिमल कुमार पाठक द्वारा किया गया, जिसकी लागत तीन करोड़ रूपये है ।

प्रबन्ध संचालक पाठक ने बताया कि इस मशीन से उच्च गुणवत्ता से निर्मित बटर में 82 प्रतिशत फैट होगा एव इस मशीन से प्रतिदिन 20 मीट्रिक टनबटर का उत्पादन होगा। राजस्थान में जयपुर, अजमेर के उपरान्त भीलवाड़ा डेयरी तीसरी नम्बर की डेयरी है जिमसें 15 किलोठााम बटर का कॉमर्शियल उत्पादन किया जाएगा। इस मशीन से निर्मित बटर का विक्रय राजस्थान एवं भारत सहित एशिया, रूस व यूरापय देशों भी किया जाएगा भीलवाड़ा डेयरी को इस मशीन से यह लाभ होगा कि अत्यधिक मात्रा में एकत्रित फैट का निस्तारण समय पर होगा एवं दुग्ध संघ की आर्थिक तरलता में वृद्धि होने पर हिसाजा से जुड़े पशुपालकों को उनके दुग्ध के उत्पादन का उचित मूल्य सकगा।


**आम सूचना**

मेरे पिता लालू पुत्र बोदु जाट निवासी गांव खंडाच तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 10 दिसम्बर 1985 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये तहसीलदार किशनगढ़ के पास आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में अपनी आपति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- सिद्धकरण पुत्र लालू जाट खंडाच


## आरोपियों का पैदल मार्च निकालकर मौका तस्दीक करवाई

**बिजयनगर,** (निसं)। नाबालिग बालिकाओं को मोबाइल फोन देकर प्रेम प्रसंग में फंसा कर शारीरिक शोषण करने के प्रकरणों में गिरफ्तार शुदा आरोपियों का पुलिस ने बुधवार शाम पैदल मार्च निकाल कर घटना स्थल का मौका तस्दीक करवाया । बिजयनगर का बहुचर्चित मामला जहां स्कूलों में अध्यनरत नाबालिग बच्चियों को मोबाइल फोन देकर प्रेम जाल में फंसाकर फिर उनके साथ दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग की घटना से शहर के नागरिक सन्न रह गये।घटना की तुलनाअजमेर के1992 के बहुचर्चितअश्लील छायाचित्र कांड से करने लगे ।पीडिताओं के परिजनों का आरोप है कि विशेष समुदाय से आने वाले अरोपी युवकों ने इन बच्चियों के ऊपर धर्मातरण का दबाव बनाया। नाबालिग बालिकाओं को फोन देकर प्रेम प्रसंग में फंसाकर शारिरिक शोषण करने के प्रकरणों में गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने बुधवार शाम पैदल मार्च करवाकर घटनास्थल का मौका तस्दीक करवाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा मसूदा वृताधिकारी सज्जन सिंह, थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत के नेतृत्व में जिला पुलिस टीम के व्यापक बंदोबस्त के बीच मुख्य बाजार में आरोपियों रिहान मोहम्मद (20), लुकमान उर्फ सोहेब (20), अरमान पठान (19 ), सोहेल मंसूरी (19), साहिल कुरेशी (19) और अफराज (18) के साथ ही दो रैस्टोरेंट संचालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर पैदल मार्च करवाकर घटनास्थल जामोला फेक्ट्री गली गुरु पन्ना टावर एव पिज़्ज़ा हट मिल रोड़ चिल आउट कैफे का मौका तस्दीक करवाया ।

## आठ जने गिरफ्तार

**भीलवाडा । कोटडी** थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के अनुसार, कोटडी पुलिस ने 8 फरवरी को आरपीएस प्रोबेशनर शिवा शर्मा की सूचना पर सरहद झडोल व सालरिया खुर्द में दबिश दी गई थी, जहां मौके से गारनेट के अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन, 5 ट्रैक्टर, एक ट्रॉली, 9 सेपरेटर मशीन को जब्त किया। इस मामले में वांछित झाडोद निवासी कन्हैयालाल पुत्र रामप्रसाद गुर्जर, बीरमियास निवासी सांवर पुत्र भैरूलाल लुहार, झाडोल निवासी विजय पुत्र मगना गुर्जर, सालरिया खुर्द निवासी कालु पुत्र हीरा गुर्जर, हेमराज पुत्र देवी गुर्जर, प्रभु पुत्र कन्हैयालाल गुर्जर, खेडी खुर्द निवासी कालू पुत्र देबी गुर्जर व झाडोल निवासी रामप्रसाद पुत्र सोनाथ गुर्जर को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हासिल हुई है।

## रेलयात्री अजमेर रेलवे स्टेशन पर करा सकते है स्वास्थ्य जांच

- ऑटोमैटिक हेल्थ चैकअप स्मार्ट कियोस्क स्थापित

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की स्वास्थ्य जांच के लिए ऑटोमैटिक हेल्थ चेकअप स्मार्ट कियोस्क लगाया गया है। स्वास्तिक क्रेडिट सॉल्यूशन की ओर से रेलवे के साथ अनुबंध से प्रारंभ किए गए इस कियोस्क पर यात्रियों को उनका एडवांस पर्सनल वेलनेस डेटा हाथों-हाथ मिल सकेगा। कंपनी की ओर से मात्र पचास रुपए सहयोग शुल्क से कियोस्क पर एडवांस आईओटी सेंसर से स्वास्थ्य के विभिन्न पैरामीटर्स के आधार पर जांच करके तत्काल रिपोर्ट भी दी जा रही है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बी सी एस चौधरी के अनुसार यह एक अत्याधुनिक ऑटोमैटिक हेल्थ चैकअप कियोस्क है जिस पर वजन, मोटापा और रक्तचाप सहित स्वास्थ्य के तेरह पैरामीटर की अत्याधुनिक तरीके से स्क्रिनिंग की जा रही है जिससे यात्री इस बात का पता लगा सकते हैं कि वह कितने स्वस्थ हैं। इस स्क्रीनिंग में रेलयात्री के स्वास्थ्य संबंधित यदि कोई सचेत करने वाली बात सामने आती है तो वह समय रहते किसी अस्पताल के डॉक्टर से स्वास्थ्य जांच कराकर उपचार प्रारंभ करने में मददगार साबित हो सकती है। इस कियोस्क पर कंपनी की ओर से प्रशिक्षित तकनीशियन नियुक्त किए गए हैं। अजमेर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के मुख्य द्वार पर स्थापित हेल्थ चेकअप कियोस्क की मशीन पर यात्री को एक मिनट के लिए खड़ा होना होता है, जिस पर उसे अपना मोबाइल नंबर फीड कर दिए गए निर्देशों की पालना करनी पड़ती है और अगले ही पल जांच रिपोर्ट उसके मोबाइल में व्हॉट्सएप अथवा दी गई मेल आईडी पर उपलब्ध हो जा जाती है, इसके साथ ही यात्री को बेहतर स्वास्थ्य के लिए व्हॉट्सएप पर प्रिंटेड रिपोर्ट के साथ हेल्थ टिप्स भी तुरंत उपलब्ध हो जाते हैं। इस पल्स नामक कियोस्क पर जिन पैरामीटर्स की जांच हो रही उनमें यात्री के रक्तचाप, ऊंचाई, वजन, बॉडी मास इंडेक्स, आंत की वसा, कुल शारीरिक वसा, ब्लड ऑक्सीजन लेवल, शरीर में जल योजन स्तर, शरीर का तापमान, मांसपेशियों का वजन, बोन डेन्सिटी और ब्लड शुगर इत्यादि की जांच बिना किसी सैपल के की जा रही है।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 18003461K रैंक HAV नाम- VINOD SINGH JEENA है। यह कि मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम KHASTI DEVI दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम KHASHTI DEVI से जाना जाये।

**आम सूचना**

मेरी मां भंवरी पत्नी भंवरलाल गुर्जर निवासी नयागांव तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 17 जून 2023 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में अपनी आपति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- मंगलाराम पुत्र भंवरलाल गुर्जर नयागांव

**NAME CHANGE**

I, Sandhya Devi Spouse of Army No. 15344918L, HAV, Dilip Kumar Yadav, Residing Vill. Karja, Po. Umarow ganj, Teh: Jagdish pur, Ara, Bihar 802166 have change my Name from Sandaya Devi to Sandhya Devi vide Affidavit No. BW753788 Dt 20/02/2025 before Court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Sunanda Sopan Thakare Mother's of Army No. 18010261W, HAV/SKT, Thakare Nagesh Sopan R/o Irala, Washim, Kalambeshwar, M.H. 444503 have change my Name from Sunanda to Sunanda Sopan Thakare & DOB from 20-01-1953 to 01-01-1953 Affidavit No.BW753790 Dt.20/02/2025 before court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT / 2024-25/121209 DATE :- 17-02-2025

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/12294 दिनांक: 19-02-2025

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती लता देवी पत्नी श्री भगवान दास जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 हीरा नगर जालिया रोड खसरा नं. 410 प्लाट नं. 09 का पूर्वी भाग प्रा नं. 09-बी क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती पुष्पा कांकरिया पत्नी श्री प्रेमचन्द कांकरिया के नाम पटटा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 22.08.2008, 14.12.2009, 06.04.2010, 20.08.2010 स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर


## संक्षिप्त

### लायंस क्लब अजमेर में सम्मान समारोह 23 को

**अजमेर ।** लायंस क्लब अजमेर द्वारा पूर्व प्रांतपालगण का सम्मान समारोह 23 मार्च को सांय 7.30 बजे वैशालीनगर स्थित लायंस भवन में क्लब अध्यक्ष लायन भागू ईसरानी की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मल्टीपल काउन्सिल चेयरमैन लायन डॉ संजीव जैन होंगे। इस अवसर पर अजमेर के पूर्व प्रांतपाल गणों का माला एवं शाल ओढ़ाकर मोमेंट देकर सम्मान किया जाएगा। क्लब सचिव लायन सतीश भटनागर ने बताया कि इस दौरान मुख्य अतिथि के हाथों सेवा कार्य भी संपन्न कराए जाएंगे । कार्यक्रम संयोजक लायन डॉ अशोक शर्मा को बनाया गया है।

### शास्त्री नगर विस्तार में गणपति को कथा का दिया न्योता

**अजमेर ।** शास्त्री नगर विस्तार में स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेवजी मंदिर में प्रात: मन्दिर समिति ने श्री गणपति भगवान को श्री शिव महापुराण कथा का निमंत्रण भेंट कर प्रार्थना की। पण्डित शिवकुमार जोशी ने विधि-विधान से पूजन कराया, इस अवसर पर मन्दिर समिति के पदाधिकारी अशोक शर्मा, सतीश गोयल, रमेश चन्द शर्मा, दिनेश सोनी, हरिशंकर सारण, डॉ. एस.डी. मिश्रा आदि ने पूजा-अर्चना की। श्री शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ दिवंगत आत्माओं की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है, जो 24 फरवरी से दो मार्च तक होगी। कथा वाचक संत ज्ञानदेव महाराज प्रतिदिन दोपहर एक से सायं 4.30 बजे तक कथा करेंगे। 24 फरवरी को सुबह 11.30 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी।

## करोड़ों रुपए की जमीन आस्तिव पुन: लेने की मांग

**पुष्कर,** (निसं)। वर्षों पूर्व अस्तित्वहीन हो चुकी गैर सरकारी संस्था को आवंटित 761 भूमि आवंटन को निरस्त कर सरकारी भूमि को सरकार पुन कब्जा ले। संस्था का अता पता नहीं होने के कारण। भू माफिया कर रहे है जमीन पर कब्जा जिला स्तर जनसुनवाई में सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन। इसके अलावा अन्य विकास कार्य के लिए भी जिला कलेक्टर का दिलाया ध्यान ।

पाराशर ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि तीर्थ के विभिन्न सर्वांगीण विकास कार्यों सीवेज ट्रिटेट पानी अजमेर पुष्कर एरिया के कृत्रिम जलाशय निर्माण 50 करोड़ की लागत से जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत बजट घोषणा योजना प्रक्रियाधीन में उपयोग तथा धार्मिक संत नगरी, श्री पुष्कर मंडप, भारत दर्शन थीम पार्क जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं सचिव श्री ब्रह्मा गायत्री तीर्थ विकास संस्थान पुष्कर ने श्री मान जिला कलेक्टर से व्यक्तिश: भेंट कर प्रकरण पर विस्तृत चर्चा में अवगत कराया गया है कि तैतीस वर्ष पूर्व पुष्कर राजस्व ठााम की खाता संख्या 576 खसरा नम्बर 2151 (पुराना) की सिवाय चक सरकारी 761 बीघा 4 बिस्वा 10 बिस्वांसी भूमि का अज्ञात गैर सरकारी संस्था कनवीनर कसोंरियम ऑफ इंडिया फारस स्टेनिबिल डेवलपमेंट पुष्कर को सीवेज वाटर वन विकास परियोजना के उपयोग में लेने के लिए शर्तों के साथ तत्कालीन जिला कलेक्टर अजमेर द्वारा दिनांक 02/11/91 को आवंटन कर अनुमति प्रदान की गई थी। उक्त संस्था को यह भारी भरकम सरकारी जमीन का आवंटन, भूमि जो कि सावित्री मंदिर पहाड़ी के इर्द गिर्द है। एक विशेष उद्देश्य सीवेज के गंदे पानी का शुद्धिकरण कर वन विकास परियोजना के तहत बंजर भूमि में सघन वन विकास के लिए आवंटित की गई थी।

उक्त संस्था द्वारा आज 33 वर्षों के बाद भी भू आवंटन उद्देश्य के अनुरूप मौके पर आज तक न तो एक भी पेड़ पौधा ही लगाया है ना ही मौके पर आम जानकारी के लिए संस्था का कोई बोर्ड ही लगा रखा है। इस कारण भू माफियाओं के द्वारा इस सुनी पड़ी बहुमूल्य भूमि पर अवैध कब्जे, फर्जी बेचान का गोरख धंधा भी खोला जाकर सरकारी भूमि को खुर्द बुर्द किया जा रहा है। अस्तित्वहीन संस्था जिसका आज तक कोई नाम एवं उद्देश्य के अनुरूप कोई कार्य भी मौके पर कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है, कथित संस्था भू आवंटन के उद्देश्य की पूर्ण पालना करने में 33 वर्षों बाद आज दिन तक विफल, असक्षम, सारहीन,अनुपयोगी साबित हो चुकी है।

## 'शिवाजी महाराज ने दिया स्वराज्य का परिचय'

अजमेर। 'राष्ट्र की संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करने से ही उसकी असली ताकत का एहसास होता है। शिवाजी महाराज ने इस राष्ट्र की सुप्त चेतना को जागृत किया, इसे संगठित किया और दासता से मुक्त किया, 'यह बात राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय भाषण में सभा को संबोधित करते हुए कही।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में एक भव्य और दिव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे शिव गर्जना के साथ युवा शौर्य रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने कहा कि – छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस प्रकार से राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है, हिंदू समाज को जागृत करने का कार्य किया है वह सारे भारतवर्ष के लिए गर्व करने की बात है। शिवाजी महाराज ने आमजन के बीच मे राष्ट्रीय भावना और आत्मसम्मान को जगाने का कार्य किया है। प्रो भालेराव ने बताया कि शिवाजी महाराज ने स्वराज्य, स्वधर्म का परिचय दिया है, इसलिए शिवाजी को राष्ट्र पुरुष कहा जाता है। हिंदवी स्वराज कि संकल्पना को साकार करने के लिए शिवाजी महाराज ने अद्भुत पराक्रम दिखाया। जिस प्रकार से लोकहित और जनहित के कार्य भगवान श्री कृष्ण किया करते थे उसी प्रकार के कार्य शिवाजी महाराज भी किया करते थे। उन्होने बताया कि कई विदेशी यात्रियो ने छत्रपति शिवाजी महाराज को चालाक, तीक्ष्ण बुद्धि और कुशल रणनीतिज्ञ बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी, विद्यार्थी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत डीन स्टूडेंट वेलफेयर गजानंद जोरे ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप आम सूचना

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय आवासगृह संख्या B-68 (EWS) क्षेत्रफल 50 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्री शंकर उर्फ रवि शंकर सुपुत्र स्व.श्री नाथूलाल जी, निवासी बी -68, पंचशील नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 10/11/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश किरण धर्मपत्नी स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर व श्री नवीन शर्मा सुपुत्र स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर व श्रीमती शिवानी सुपुत्री स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर व शालिनी सुपुत्री स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर द्वारा अपने सहहिस्सेदार किरण धर्मपत्नी स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर व श्री नवीन शर्मा सुपुत्र स्व. श्री शंकर उर्फ रविशंकर, निवासी बी-68, पंचशील नगर, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 17/02/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोंज पंचायत समिति अरांई (अजमेर)**

क्रमांक-ग्रा.पं. सिरोंज/महानरेगा/निविदा/2024-25/114 दिनांक-17.02.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 05/2024-25**

ग्राम पंचायत सिरोंज के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 20.02.2025 को प्रात: 09:30 बजे से दिनांक 25.02.2025 को सायं 04:00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http: www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा दिनांक 27.02.2025 को प्रात: 11:00 बजे खोली जायेगी।

NIB NO:- ZAJ2425A1148

UBN NO:- ZAJ2425GSOB01204

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सिरोंज पं.स. अराँई (अजमेर) | प्रशासक ग्राम पंचायत सिरोंज पं.स. अराँई (अजमेर)


## बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में ट्रैफिक कंट्रोल के बारे में बताया

परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने विधालय में ट्रैफिक कंट्रोल के बारे में जानकारी दी।

**भीलवाड़ा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत ज़िला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी भीलवाडा के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवाना भीलवाड़ा की छात्राओ को ट्रैफ़िक पार्क भीलवाडा में सडक़ सुरक्षा जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया।

सभी छात्राओं को वाहन के सुरक्षित संचालन हेतु सावधानी रखने हेलमेट ,सीट बेल्ट लगाने ,क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने , दस्तावेज कम्पलीट रखने , वाहन में सेफ्टी फीचर्स एसेसरीज़ दुरुस्त रखने , वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने , लेन ड्राइविंग आदि की जानकारी दी गई ! दुर्घटना के संभावित कारण , अच्छा मददगार एवं सड़क सुरक्षा की महति भूमिका के बारे में बताया गया । सभी छात्राओं। को ट्रैफिक पार्क का भ्रमण करवाया गया कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्राओ को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में स्कूल शारीरिक शिक्षक श्रीमती शशिकाला परिवहन विभाग गार्ड नानू सिंह मौजूद रहे।

## कैफे शेड के अतिक्रमण को पालिका ने हटाया

**बिजयनगर,** (निसं)। नगर पालिका ने गुरुवार को मिल चौक स्थित सड़क के किनारे अवैध रूप से बने चिल आउट कैफे के शेड को बुलडोजर से ध्वस्त करते हुएअतिक्रमण को हटाया । बहुचर्चित प्रकरण नाबालिग बालिकाओं के देह शोषण करने एव ब्लेक मेल के मामले में सुर्खियों में आए मिल रोड स्थित कैफे पर बुलडोजर कार्रवाई की गई ।नगर पालिका प्रशासन द्वाराआवासीय जगह पर व्यवसायिक उपयोग मेंलिए जाने पर कार्रवाई करते हुए कैफे को सीजिंग की कार्रवाही की ।इस मौके पर पुलिस जाब्ते के साथ पालिका कर्मचारी मौजूद रहे। पालिका कर्मचारियों ने कैफे को सील चपड़ी लगाकर सीज किया । प्रशासनशहर के बहुचर्चित प्रकरण मामले को गंभीरता लेते हुए कार्रवाई कर रहा है ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कटसूरा पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक- ग्राम पंचायत कटसुरा/स्वच्छता ई-निविदा/2024-25/15 दिनांक- 20.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-05/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति अंराई के अधिनस्थ ग्राम पंचायत कटसुरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| SR. No. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | कटसुरा | ZAJ2425A1150 | ZAJ2425SSOB01206 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कटसुरा पं.स. अंराई (अजमेर)